सुन सांवरे तेरे ही भरोसे मेरी नाव रे

सुन सांवरे रे, तेरे ही भरोसे मेरी नाव रे
थक से गए हैं अब तो श्याम मेरे पाँव रे
दया करो मेरे श्याम, कृपा करो मेरे श्याम

भटक गया हूँ श्याम सुझे ना किनारा
तुझको पुकारे एक किस्मत का मारा
मुझपे करो हे दानी करुणा की छाँव रे
सुन सांवरे रे, तेरे ही भरोसे...

कैसे सम्भालूँ नैय्या हिचकोले खाए
कांपे है हाथ मेरे पैर लड़खड़ाये
नदियां का देख कितना तेज है बहाव रे
सुन सांवरे रे, तेरे ही भरोसे...

दिन के दयाल आजा मुझको संभाल रे
बीच भंवर से मेरी कस्ती निकाल रे
राजू नहीं तो ताने देगा सारा गाँव रे
सुन सांवरे रे, तेरे ही भरोसे...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/934/title/sun-sanware-re-tere-hi-bharose-meri-naav-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |